iknsf'kd lekpkj
fnukad & 18-11-2025 ¼l/;k&1900 cts½
eq[; lekpkj

1. lq !e dks"Z us $kj[k% f&'kkul(kk fu;qf) eke*s es l!c!+k,s ds jktu!f-d ,.-sek* ij /Ok;s l&k*1 d2k& jktu!f-d *%k,;ks ds f*4 ds5!; 4tsl! dk /i;ks6 +ufp- 7
2. $kj[k% 2k,sdks"Z us jk8; ljdkj dks jk8; ds l(k! 99: ;kkuks es l!l!"!&! *6kus dk fn;k +kns'k1 5 tu&j! -d %!i!+kj1 "s%j f<;k1 dsejk .;kkiuk dk i?ks +uqik*u lqfuf'p- djus ds fn4 funs'k7
3. jk8; ds eq[; fu&kpu inkf'kdkj! us d! e-nk-k lwp! i:-qd efi6 ij le!Akk cSOd1 l(k! ft*ks ds ,s+kj+ks +ksj /i fu&kpu inkf'kdkfj;ks dks efi6 dk;s es -st! *kus +ksj &ks"j +k/"j!p k6ke p*kus ds fn4 funs'k7
4. .&k.;; eB! us jkp! f.;k- fjCl dk fuj!Ak?k dj D;&.;kk+ks d! le!Akk d!1 +ki!%!1 "Fek ls"j lf2- f&f(kGu f&(kk6ks dk fd;k fuj!Ak?k7
5.
6. jk8; es 'kHd eksle ds c!p d,s ft*ks es 'k!- *2j d! f.;kf-1 eksle f&(kk6 us +6*s nks fnuks es G;wu-e -kieku es 2 ls 9 f%6! &fl 2kus d! t-k,s l(kk&uk7

****

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड विधानसभा में कथित अवैध नियुक्तियों की जांच मामले में सुनवाई के दौरान सीबीआई से सवाल किया कि उसका इस्तेमाल राजनीतिक लड़ाइयाँ लड़ने के लिए क्यों किया जा रहा है। सीजेआई बीआर गवाई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने झारखंड विधानसभा द्वारा उच्च न्यायालय के सितंबर 2024 के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई की। सीबीआई की प्रारंभिक जांच की अनुमति देने वाली अंतरिम याचिका को खारिज करते हुए न्यायालय ने कहा कि ईडी और सीबीआई का उपयोग राजनीतिक लड़ाईयों में नहीं होना चाहिए।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि राज्य के सभी 334 थानों को पूरी तरह सीसीटीवी से लैस किया जाए। अदालत ने 31 दिसंबर तक डीपीआर और टेंडर प्रक्रिया पूरी करने और जल्द से जल्द सभी थानों में कैमरा लगाने का आदेश दिया, साथ ही अनुपालन 5 जनवरी तक सुनिश्चित करने को कहा। यह आदेश प्रॉपर्टी रिएल्टी प्राइवेट लिमिटेड और शौभिक बनर्जी की याचिका पर आया, जिसमें धनबाद पुलिस पर अवैध हिरासत और दबाव डालने का आरोप था। इस मामले में उच्च न्यायालय के आदेश के बाद आज मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी और आईटी विभाग की सचिव सशरीर उपस्थित हुए थे।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज सभी जिलों के ईआरओ एवं उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाता सूची की पैतृक मैपिंग की समीक्षा की। उन्होंने मैपिंग के कार्य में तेजी लाने और वोटर आउटरीच प्रोग्राम चलाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कार्य में किसी भी कोताही को बर्दाश्त न करने और आगामी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में निष्पक्षता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

****

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज रांची में पूर्व पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता और उनसे जुड़े मामलों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मौके पर उन्होंने सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने श्री गुप्ता को पहले सस्पेंड किया, फिर डीजीपी पद पर नियुक्त किया और अचानक त्यागपत्र क्यों लिया। श्री मरांडी ने आरोप लगाया कि अनुराग गुप्ता के संरक्षण में शराब, जमीन और लॉटरी घोटाले सहित करोड़ों रुपए की अवैध वसूली हुई।

****

राज्य के पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता के खिलाफ अधिवक्ता राजीव कुमार ने डोरंडा थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्हें संगठित अपराध, भ्रष्टाचार और करोड़ों रुपये की अवैध वसूली में शामिल होने का आरोप लगाया

गया है। राजीव कुमार ने अनुराग गुप्ता और उनके सहयोगियों के खिलाफ गहन जांच और सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

****

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ 22 सितम्बर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। हमारी संवाददाता ने बताया है कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था को कैसे बढ़ावा मिल रहा है।

****

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने रांची स्थित रिम्स का निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थाओं, ओपीडी, ट्रॉमा सेंटर और अन्य महत्वपूर्ण विभागों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने स्वयं ओपीडी में मरीज का इलाज किया और कहा कि वे नियमित रूप से राज्य के सभी जिलों में ओपीडी सेवा देंगे। इस अवसर पर डॉ. अंसारी ने स्पष्ट किया कि मरीजों के इलाज में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और व्यवस्था में सुधार न होने पर कार्रवाई की जाएगी।

****

लातेहार जिले में स्थित राज्य के सबसे ऊंचाई से गिरने वाले लोध जलप्रपात और सुगा बांध में प्लास्टिक का कचरा न फैले इसके लिए वन विभाग ने नई पहल की है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

राज्य में पिछले 24 घंटों में मौसम शुष्क रहा और पश्चिमी एवं मध्य भागों में कहीं–कहीं शीत लहर की स्थिति देखने को मिली। आज रांची सहित आसपास के क्षेत्रों में अधिकतम तापमान करीब 27 डिग्री और न्यूनतम 12 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों में सुबह हल्के से मध्यम कोहरा छाए रहने और दिन में मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। साथ ही अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना जताई है।

****